Regarding construction of National Highway in Shravasti Parliamentary Constituency

श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती)**:** सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती के जनपद बलरामपुर की तरफ दिलाना चाहता हूं। यह जनपद बलरामपुर उतर प्रदेश के सबसे अधिक अनुसूचित जनजाति की आबादी वाला क्षेत्र है। चदंनपुर (पचपेड़वा), भारत-नेपाल सीमा से पचपेड़वा, गनेशपुर, जैतापुर, उतरौला, मनकापुर, नवाबगंज, अयोध्या, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ और संगमनगरी प्रयागराज तक के मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में सम्मिलित करके स्वीकृति प्रदान करते हुए निर्माण कार्य कराया जाए। इससे आजादी के 75 वर्षों के बाद अनुसूचित जनजाति एवं देश की सुरक्षा में तैनात सीमा सुरक्षा बल को लाभ होगा। चंदनपुर और भारत-नेपाल सीमा पर आने जाने के लिए, धर्मनगरी अयोध्या एवं संगमनगरी प्रयागराज तक जाने के लिए यह एक मात्र सड़क है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से विशेष मांग करता हूं कि इस मार्ग का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत निर्माण कार्य कराने की कृपा करें। बहुत-बहुत धन्यवाद।